# मिशन शक्ति की वेब पोर्टल से निगरानी

- विशेष अभियानों पर रहेगी पोर्टल से नजर
- आयोजनों की फोटो और वीडियो अपडेट होंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति की प्रभावी निगरानी के लिए एक वेब पोर्टल तैयार किया जाएगा। नारी सुरक्षा, सशक्तीकरण व सम्मान को प्रश्रय देने के लिए चलाए जाने वाले विशेष अभियानों पर इस पोर्टल के जरिए नजर रखी जाएगी।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा किए गए प्रयासों की विवेचना और उनके डाटाबेस संकलन के लिए गृह विभाग की जरूरतों के अनुसार इस वेब पोर्टल का विकास किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सिस्टम्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) द्वारा इसका निर्माण किया जाएगा। यह वेब पोर्टल डैशबोर्ड की तरह काम करेगा तथा इसे रोल बेस्ड यूजर मैनेजमेंट, मास्टर क्रिएशन, रिपोर्टिंग व डाटा इनपुट मॉड्यूल समेत समरी, स्टेट्स व इवेंट अपलोड रिपोर्ट समेत कई खूबियों से लैस किया जाएगा।

यह वेब आधारित डाटा अपलोड प्रबंधन प्रणाली सभी संबंधित विभागों में आयोजित होने वाले आयोजनों से संबंधित स्थिति की निगरानी का प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा, जिसमें पोर्टल पर आयोजनों की फोटो और वीडियो अपलोड करने के साथ-साथ उनकी दैनिक गतिविधियों के दस्तावेजों को ऑनलाइन सब्मिट करने की पूरी प्रक्रिया शामिल है।